# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

# कार्यक्रम प्रतिवेदन – 2019

## ''एनीमिया मुक्त भारत''

दिनांक 10 जनवरी, 2019

दिनांक 10 जनवरी, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा **''एनीमिया मुक्त भारत''** कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के बिलासा सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अपोलो हॉस्पिटल की एक टीम को स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्राओं एवं महिला संकायों के लिए हीमोग्लोबिन परीक्षण के हेतु आमंत्रित किया गया। परीक्षण के परिणाम से पता चला कि 40% छात्राओं में हीमोग्लोबिन कम है, जबकि अधिकांश महिला संकायों में हीमोग्लोबिन का स्तर अधिक पाया गया।

कार्यशाला में आहार विशेषज्ञ का भी एक सत्र शामिल किया गया था, जिसमें हीमोग्लोबिन स्तर को बढ़ाने के लिए आहार सामग्री के बारे में सलाह दी गयी।

कार्यशाला में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. एच.एस. होता, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, समन्वयक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, डॉ. पूजा पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन, डॉ. सीमा बेलोरकर, सहा. प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी एण्ड बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग, श्रीमती स्वाति रोज टोप्पो, सहा. प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी एण्ड बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग, डॉ. लतिका भाटिया, सहा. प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी एण्ड बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग, श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, सहा. प्राध्यापक, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी विभाग सहित लगभग 215 छात्राएं उपस्थित रही।




Apollo
Anemia
Free India
I QAC, Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalya, Bilaspur
in Collaboration With
Apollo Hospital
Organises
A Camp for "Hb Test" of Females
Jan 2019
Auditorium





## ''महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता''

**दिनांक 12 जनवरी, 2019**

**——0——**

दिनांक 12 जनवरी, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा **''महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता''** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अपोलो हॉस्पिटल से विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. रश्मि शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा सुश्री वी. चंपा, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ को आमंत्रित किया गया था। दोनों ने अपने व्याख्यान सत्र में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता एवं महिलाओं में पोषण और मोटापा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, समन्वयक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC), डॉ. पूजा पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन, डॉ. सीमा बेलोरकर, सहा. प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी एण्ड बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग, श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, सहा. प्राध्यापक, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी विभाग सहित लगभग 200 छात्राएं उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहे।






## ''प्रेरक संगोष्ठी (Motivational Seminar)''

## दिनांक 12 जनवरी, 2019

––0––

दिनांक 12 जनवरी, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा **''प्रेरक संगोष्ठी (Motivational Seminar)''** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विषय–विशेषज्ञ के रूप में डॉ. संतोष राय को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने शिक्षण विभाग में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को अपनी महत्वकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के पांच साल की कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. संतोष राय ने कम्युनिकेशन स्किल का महत्व समझाया और आत्मविश्वास बढ़ाने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के उत्तरार्ध में डॉ. संतोष राय ने छात्रों को उनके करियर उद्देश्य के बारे में परामर्श दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, समन्वयक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC), डॉ. पूजा पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन, श्री गौरव साहू, श्री यशवंत कुमार पटेल, श्री हामिद अब्दुल्ला, श्री जीतेन्द्र गुप्ता, श्री हैरी जॉर्ज, श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, श्री पद्मलोचन चौहान सहित विभिन्न विभागों के छात्र–छात्राएं सम्मिलित रहे।



## **"One Day University Level Workshop on New Education Policy (Draft)"**
### **दिनांक 24 जून, 2019**

दिनांक 24 जून, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ **(IQAC) द्वारा "One Day University Level Workshop on New Education Policy (Draft)"** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के बिलासा सभागार में किया गया।
कार्यक्रम के प्रारंभ में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, समन्वयक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. बी.जी. सिंह, माननीय कुलपति, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, डॉ. आर.पी. दुबे को आमंत्रित किया गया था तथा मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक के प्रो. टी.सिंह एवं गुरूघासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्रो. सुजीत कुमार को आमंत्रित किया गया था।

उक्त कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

















**“Quality and Excellence in Higher Education**
**Preparation of SSR as per Revised Accreditation**
**Frame Work (RAF)”**

**दिनांक 26 एवं 27 जुलाई, 2019**

**—0—**

दिनांक 26 एवं 27 जुलाई, 2019 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा Quality and Excellence in Higher Education Preparation of SSR as per Revised Accreditation Frame Work (RAF)” विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के बिलासा सभागार में किया गया। उक्त कार्यशाला में सहभागिता हेतु 94 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस मुख्य वक्ता डॉ. ए. पी. पाढ़ी ने उच्च शिक्षा के वर्तमान संदर्भ में NAAC के महत्व के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये कहा कि मान्यता संगठन के निरीक्षण के साथ–साथ आत्मनिरीक्षण में भी मदद करती है।

कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ.डी.के श्रीवास्तव ने NAAC की प्रक्रिया को क्रियान्वित किया और छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले मुद्दों और संबंधित समस्या समाधान पर ध्यान केंद्रित किया। अगले तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. एम.आर. कुरूप ने किया। उन्होंने SSR की तैयारी का अभ्यास किया और उचित दस्तावेजीकरण के माध्यम से मान्यता के दौरान उच्च अंक प्राप्त करने और संस्थान को शिक्षा के संदर्भ में शिक्षार्थी केंद्रित बनाने के बारे में संक्षित विवरण दिया। तदोपरान्त अगले सत्र का संचालन डॉ.ए.के. राय ने किया। इन्होंने NAAC के 7 मानदंडों की विस्तृत प्रस्तुति दी और बाद में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के 7वें मानदंडों पर ध्यान केंद्रित किया।


TWO DAYS


TWO DAYS